CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 134 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार , 02 नवम्बर, 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## गहलोत की भजनलाल को नसीहतः ऑथोरिटी से राज करो, तभी राजस्थान का भला होगा

### एनडीए पर हमला बोले, धनबल और तोड़फोड़ से चल रही है राजनीति, डेमोक्रेसी खतरे में

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को खुलकर शासन चलाने की सलाह दी है। गहलोत ने कहा कि भजनलाल पहली बार विधायक बने और सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे हैं, इसलिए उन्हें पूरी ऑथोरिटी से राज करना चाहिए, कल की चिंता नहीं करनी चाहिए। गहलोत ने मुस्कराते हुए कहा, हमारे भजनलाल पंडित हैं, वे कल की चिंता करते हैं। हम कहते हैं कल की नहीं, जनता की फिक्र करो। जमकर राज करो, तभी राजस्थान का भला होगा।

गहलोत शनिवार को जयपुर स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के कामकाज, कानून-व्यवस्था और केंद्र सरकार की नीतियों पर भी जमकर निशाना साधा।



स्लीपर बस संचालकों की हड़ताल को लेकर गहलोत ने कहा कि सरकार को बातचीत कर हल निकालना चाहिए। डेमोक्रेसी में संवाद ही समाधान है। हमारे समय भी ऐसी समस्याएं आईं, हमने बैठकर बात की और हड़ताल की नौबत नहीं आई । गहलोत ने तंज कसा, भजनलाल भले आदमी हैं, लेकिन सब कुछ मुख्यमंत्री नहीं कर सकते। अब सवाल यह है कि जिम्मेदारी कौन निभाएगा?

कानून-व्यवस्था पर हमला बोलते हुए गहलोत ने कहा कि प्रदेश में अपराध चरम पर है। रेप, डकैती और हत्या अब आम बात हो गई है। चारों तरफ हाहाकार है, लोग कह रहे हैं कि हमारी सुनवाई नहीं हो रही। मैंने अपने पूरे जीवन में राजस्थान के लोगों को इतना दुखी कभी नहीं देखा जितना आज पंडित भजनलाल के शासन में देख रहा हूं । गहलोत ने केंद्र की एनडीए सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश में हालात बेहद खतरनाक दिशा में जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में आपने देखा, किस तरह सत्ताधारी दलों ने जोड़-तोड़ की राजनीति की। अगर मोदी जी का जादू होता, तो लोकसभा चुनाव में चलता। वहां नहीं चला, लेकिन विधानसभा में एकतरफा जीत गए, यह कैसे मुमकिन है? धनबल और तोड़फोड़ का जो खेल वहां चला, उसे देखकर डेमोक्रेसी की आत्मा कांप जाती है, उन्होंने कहा अगर यही राजनीति चलती रही, तो आने वाले वक्त में लोकतंत्र बचेगा नहीं, केवल नाम भर रह जाएगा।

चुनाव आयोग पर भी गहलोत ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा, किसी की शिकायत आए, तो आयोग की ड्यूटी है कि निष्पक्ष जांच कराए। शिकायत झूठी हो या सच्ची, यह जांच के बाद ही पता चलता है। लेकिन अब आयोग जांच करवाने के बजाय शिकायत करने वाले से ही सवाल-जवाब करता है। यह तानाशाही रवैया है और लोकतंत्र के लिए बेहद चिंता का विषय है।

## गेहूं लेकर लौट रहे कारीगर की ट्रेलर की टक्कर से मौत




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

सलावटिया कस्बे के पास शनिवार दोपहर सड़क हादसे में पंचानपुरा निवासी 57 वर्षीय कारीगर की मौत हो गई। आरोली से राशन का गेहूं लेकर घर लौटते समय सलावटिया पुलिया के नीचे विद्युत ग्रिड के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से बाइक सवार ट्रेलर के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोडर की सहायता से शव को ट्रेलर के नीचे से बाहर निकाला। मृतक के गेहूं के कट्टे में राशन लेकर घर लौट रहा था।

एएसआई नरेश कुमार सुखवाल ने बताया कि मृतक की पहचान कालू लाल पुत्र रूपा रेगर निवासी पंचानपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रेलर को जप्त कर चालक के



खिलाफ मामला दर्ज किया है। शव को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों के अनुसार, कालू लाल कारीगरी का काम करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण मेहनत से करता था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री हैं। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## भाजपा का संगठन एकमुखी, सामने कोई भी हो जीत हमारी

### अंता उपचुनाव को लेकर मदन राठौड़ का दावा ,वसुंधरा की अगुवाई में सभी कार्यकर्ता जुटे

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां।**

राजस्थान में अंता विधानसभा उपचुनाव का माहौल गर्म है और इसी बीच बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को जीत का दावा करते हुए कहा कि पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा सामने कौन है, इसकी हमें कोई चिंता नहीं। हमारा संगठन बूथ स्तर तक सुदृढ़ है और एकमुखी होकर काम कर रहा है।

राठौड़ के साथ इस मौके पर झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया और कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए।

#### हमारा संगठन एकमुखी, जीत सुनिश्चित

प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक सक्रिय है। पन्ना प्रमुख तक की नियुक्तियां हो चुकी हैं, हर कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी निभा रहा है। सामने कोई भी उम्मीदवार हो, इससे हमारा लक्ष्य नहीं बदलता , यह चुनाव हम जीत रहे हैं ।

#### वसुंधरा के बिना काम चलता ही नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बारे में पूछे गए सवाल पर राठौड़ ने कहा, वसुंधरा जी नियमित बैठकें ले रही हैं। उनके बिना तो हमारा काम चलता ही नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जल्द अंता आने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का 18 माह का कार्यकाल जनसेवा, सुशासन और विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुआ है।

#### डोटासरा भूल गए अपनी ही सरकार का हाल

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के टेंपो लायक विधायक' वाले बयान पर पलटवार करते हुए राठौड़ ने कहा डोटासरा भूल जाते हैं कि जब वे शिक्षा मंत्री थे, खुद शिक्षकों ने माना था कि ट्रांसफर में पैसे लिए जाते हैं। अगर वे कह दें कि बीजेपी फिर से सत्ता में आएगी, तो उनकी दुकान आज ही बंद हो जाएगी। इसलिए वे ऐसे बयान देते हैं।

#### भाग्य ने खुद तय किया मेरा रास्ता

मंत्री बनाए जाने से जुड़े सवाल पर राठौड़ ने मुस्कुराते हुए कहा किसके भाग्य में क्या लिखा है, कौन जानता है? मुझे भी अचानक राज्यसभा भेज दिया




गया और अचानक प्रदेशाध्यक्ष बना दिया गया। सब कुछ संगठन और नेतृत्व के भरोसे चलता है।

#### दुष्यंत सिंह ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

इस दौरान सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने अंता और झालावाड़-बारां क्षेत्र में कई विकास कार्य किए हैं, जिनका लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का मूड भाजपा के पक्ष में है और 11 नवंबर को कमल फिर खिलेगा ।

## एटीएम लूट मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने एटीएम लूट के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2022 से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी मोतीलाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा शम्भूगढ़ के प्रबंधक कोशलेश कुमार यादव ने 2022 में रिपोर्ट दी थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति बैंक के एटीएम को उखाड़कर उसमें रखे 27.41 लाख रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए। जिसकी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हुई । जिसमे आरोपी सफेद कैंपर वाहन से आते और एटीएम उखाड़ते है ।

पुलिस द्वारा मामले में जांच के दौरान चार आरोपियों अजयप्रकाश उर्फ राजू गुर्जर, विजेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह उर्फ कालू और पवन उर्फ हांडा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। वहीं तीन आरोपी अमर सिंह उर्फ फणिया, गणेश मीणा और रामस्वरूप सिंह फरार चल रहे थे।

पुलिस का टीम ने आरोपी गणेश मीणा पुत्र हमीरा राम, निवासी खेतड़ी मोड़, सीकर की तलाश में उसके ठिकानों, रिश्तेदारों और संदिग्ध स्थानों पर लगातार दबिश दी। जांच में पता चला कि आरोपी किशनगढ़ थाने के एक मामले में गिरफ्तार होकर केंद्रीय कारागृह अजमेर में निरुद्ध है। इसके बाद, पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के जरिये 1 नवम्बर को आरोपी को गिरफ्तार किया। अब आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है

## गुर्जर आरक्षण पर टकराव के आसार, बैंसला ने सरकार को दी चेतावनी

### समझौते पर अमल नहीं तो सड़कों पर लौटेगा समाज, पांचोली में होगी बड़ी बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला ने भजनलाल शर्मा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 8 जून को पीलूपुरा में हुए समझौते को 142 दिन गुजर गए हैं, लेकिन सरकार ने अब तक एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने चेतावनी दी कि गुर्जर समाज जल्द ही आंदोलन की नई रणनीति तय करेगा।

#### 5 नवंबर को पांचोली में प्रदेश स्तरीय बैठक

विजय बैंसला ने बताया कि आगामी 5 नवंबर को दौसा जिले के सिकराय क्षेत्र के पांचोली गांव में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक होगी। उनकी अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में एमबीसी आरक्षण, लंबित नियुक्तियां और अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

#### सरकार ने समझौते की घोषणा की, पर अमल नहीं किया

बैंसला ने सोशल मीडिया पोस्ट में सरकार को समझौते की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि 8 जून को हुई महापंचायत के बाद राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से सहमति बनी थी कि एमबीसी आरक्षण को कानूनी रूप से मजबूत किया जाएगा और लंबित मांगें पूरी की जाएंगी। इसके बाद 7 अगस्त को मंत्रियों की समिति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर समझौते के क्रियान्वयन की घोषणा की, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

#### जरूरत पड़ी तो रेल-पटरी जाम करेंगे

बैसला ने कहा कि सरकार की उदासीनता से समाज में नाराजगी है। हम शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन अगर सरकार ने ध्यान नहीं दिया, तो रेल-पटरी जाम जैसे कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

#### बैठक में सात मुद्दों पर होगी चर्चा

बैंसला ने बताया कि पांचोली की बैठक में एमबीसी अभ्यर्थियों की



लंबित डीपीसी, शहीद रूपनारायण गुर्जर के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति, आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने, लंबित केसों के निस्तारण, और डी-नोटिफाइड ट्राइब्स में एमबीसी जातियों को शामिल करने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।उन्होंने कहा कि अब समाज सहमति नहीं, समाधान चाहता है। अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाया तो गुर्जर समाज फिर से सड़कों पर उतरने को तैयार है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# सीआई लोकपाल सिंह का हुआ तबादला, बिजोलिया से उदयपुर रेंज में लगाए गए

## डीजीपी कार्यालय जयपुर से आदेश जारी, नवपदस्थापन की सूची में नाम शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**



पुलिस महानिदेशक कार्यालय, राजस्थान जयपुर की ओर से शनिवार को जारी आदेश में राज्यभर के उप निरीक्षकों के तबादले और नवपदस्थापन किए गए हैं। आदेश संख्या 2267 दिनांक 1 नवंबर 2025 के अनुसार, बिजोलिया (अजमेर रेंज) में कार्यरत सीआई लोकपाल सिंह को अब उदयपुर रेंज में पदस्थापित किया गया है।

यह आदेश अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, जयपुर के पूर्व आदेशों के अनुपालन में जारी किया गया है। नवपदस्थापित पुलिस निरीक्षकों को उनके नाम के समक्ष अंकित स्थानों पर नियुक्त किया गया है।

लोकपाल सिंह वर्तमान में बिजोलिया थानान्तर्गत अपनी सेवाएं दे रहे थे और क्षेत्र में उनकी कार्यशैली तथा जनसंपर्क को लेकर सराहना होती रही है। अब वे उदयपुर रेंज में नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

# भीलवाड़ा पुलिस की कार्रवाई : अपराधियों और गैंगस्टरों का महिमामंडन करने वाले 117 गाने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से हटाए गए

## अब तक 13 कलाकारों पर कार्रवाई, सोशल मीडिया सेल की लगातार निगरानी, युवाओं को अपराध की ओर भटकाने वाले गीतों पर कसी लगाम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में भीलवाड़ा पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपराध और गैंग कल्चर को बढ़ावा देने वाले गीतों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अब तक 117 आपत्तिजनक गानों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से हटवाया है, जबकि 13 गायक और कलाकारों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस की सोशल मीडिया सेल की जांच में सामने आया कि कई कलाकार अपने गीतों में गैंगस्टरों, अपराधियों और खनन माफियाओं का महिमामंडन कर रहे थे। इन गीतों में हथियारों का प्रदर्शन, कानून-व्यवस्था के प्रति नकारात्मक संदेश और अपराधी जीवनशैली को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया था। ऐसे कंटेंट से प्रभावित होकर युवा वर्ग गलत दिशा में जा रहा था, जिसे देखते हुए पुलिस ने सख्त कदम उठाया। सोशल मीडिया सेल ने कार्रवाई करते हुए लेवल अपना बोदा नहीं, बदमाशी का सिक्का, सिस्टम सारा हिला राख्या, यार थारो गैंगस्टर, में बदमाशो का बादशाह, नाकाबंदी, पिस्तोल सो जिगरो, बदमाशी जिंदाबाद जैसे कई गानों को विभिन्न प्लेटफॉर्म्स से हटवाया है। जिला पुलिस ने बताया कि छह और कलाकारों की पहचान की गई है, जो अपराध और अश्लीलता से जुड़ी सामग्री सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे थे। इन पर भी निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की निगरानी टीम लगातार ऐसे खातों पर नजर रखे हुए है, जो गैरकानूनी गतिविधियों या अपराधियों के महिमामंडन से जुड़ी सामग्री अपलोड करते हैं। इस अभियान में साइबर मॉनिटरिंग विंग के कानि. छोटू रेबारी की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखते हुए इन गानों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि अपराध और गैंग कल्चर को गौरवशाली बताने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी अगर कोई कलाकार ऐसे गीत गाने या प्रसारित करने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अफीम डोडाचूरा तस्करी मामले में तस्कर को 20 साल की कैद, 2 लाख जुर्माना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अफीम डोडाचूरा तस्करी के मामले में एनडीपीएस कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए जोजवा निवासी मुकेश बैरवा पुत्र शंकरलाल बैरवा को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 2 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

मामला 28 जून 2020 का बिगोद थाना क्षेत्र का है, जब पुलिस ने गोविंदपुरा-नन्दराय रोड पर नाकाबंदी में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका था। ट्रॉली की गिट्टी के नीचे से 20 थैलों में भरा 414 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ था।

विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण जगदीश प्रसाद शर्मा ने अभियोजन पक्ष के 12 गवाहों और 109 दस्तावेजों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया।

# खेतों में चार माह से भरे पानी की समस्या का समाधान, विधायक खंडेलवाल ने एक घंटे में कराई निकासी

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**





बरूंदनी बिलोड़ के मध्य बरूंदनी के लंकिया और रांफड़ा के माल क्षेत्र के खेतों में पिछले चार माह से भरे पानी की समस्या का समाधान आखिरकार शनिवार को हो गया। ग्रामीणों की पीड़ा जानने के लिए विधायक गोपाललाल खंडेलवाल स्वयं मौके पर पहुंचे और मात्र एक घंटे के भीतर पानी निकासी का कार्य शुरू करा दिया। किसानों के साथ विधायक ने 2 किलोमीटर पैदल चलकर खेतों की स्थिति का जायजा लिया।


विधायक के निर्देश पर मौके पर मौजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एस.एल. बैरवा ने तुरंत जेसीबी मशीन मंगवाई तथा एमडीआर 136 मार्ग के दोनों तरफ अवरुद्ध नालियों की सफाई शुरू करवाई। एहतियात के तौर पर बीगोद एवं बड़लियास थाना पुलिस के जवान भी मौके पर तैनात रहे।

इस समस्या को लेकर किसानों की उम्मीद तब जगी जब शुक्रवार को बरूंदनी के किसान शैतान सिंह शक्तावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक खंडेलवाल से मुलाकात कर विस्तार से स्थिति बताई। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद विधायक ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया था।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण पिछले चार माह से पानी निकासी के लिए प्रयासरत थे। यहां तक कि 5 अगस्त को जिला कलक्टर को ज्ञापन भी दिया गया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। खेतों में 99 दिनों से भरे पानी पर काई जम गई थी और मगरमच्छ ने भी प्रवेश कर लिया था। दूषित जल के कारण फसलें खराब होने की कगार पर थीं, वहीं रबी की बुआई का समय भी नजदीक आ चुका था। 27 अक्टूबर को पुनः हुई बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। शनिवार को विधायक के निर्देश पर युद्धस्तर पर काम शुरू हुआ। एक साथ 6 जेसीबी मशीनें लगाई गईं। औराई नहर के धोरों की खुदाई कर पानी को बहाव मार्ग दिया गया। इस मौके पर औराई जल वितरण समिति के अध्यक्ष शंभूलाल मीणा भी उपस्थित रहे। पानी निकासी में शुरुआती प्रयासों को बिलोड़ के कुछ व्यक्तियों द्वारा रोका गया था, लेकिन प्रशासनिक टीम के हस्तक्षेप से कार्य पुनः प्रारंभ हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि एमडीआर 136 सड़क के निर्माण के समय संवेदक रवि कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दोनों ओर नालियां नहीं बनाई थीं, जिससे पानी निकासी अवरुद्ध हो गई थी और समस्या पैदा हुई। विधायक खंडेलवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी परेशानी न हो, इसके लिए स्थायी समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, गजेन्द्र कुमार साहू, दयाशंकर भट्ट, हर्षवर्धन सिंह, शिवप्रकाश दरक, संजय सारस्वत, कैलाश जोशी, भवानीराम गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



चित्तौड़गढ़ नेशनल हाइवे पर रोज की तरह सुबह काम पर निकले एक मजदूर की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि हेलमेट पहनने के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के मुरैना निवासी रामनरेश पुत्र सुगन सिंह के रूप में हुई है, जो भीलवाड़ा में रहकर एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था।

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रामनरेश सुबह बाइक से सोनियाणा स्थित मनोयम फैक्ट्री जा रहा था। कान्याखेड़ी चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान मोबाइल फोन से हुई। जिसकी सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जिला अस्पताल में शव की शिनाख्त की। मृतक के घर में कोहराम मचा है ,तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

# जनता का प्रेम ही जनसेवा की प्रेरणा : सहकारिता मंत्री गौतम दक

## काछोला में मंत्री दक का भव्य स्वागत, किसानों ने रखी यूरिया खाद की किल्लत की समस्या

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**





**(विक्रम सिंह)।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक के शनिवार को काछोला आगमन पर ग्रामीणों और समाजजनों में उत्साह का माहौल रहा। मंत्री दक का बाईपास पर भाजपा नेता भेरूलाल मंत्री के नेतृत्व में पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।

चित्तौड़गढ़ से जयपुर प्रस्थान के दौरान मंत्री दक जब काछोला व त्रिवेणी क्षेत्र में पहुंचे, तो माहेश्वरी समाज के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। इस दौरान किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रबी सीजन में यूरिया खाद की किल्लत की समस्या उनके समक्ष रखी। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में खाद की कमी के कारण खेती-किसानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।


मंत्री गौतम दक ने किसानों की बात गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और हर समस्या का निवारण प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही मुझे जनसेवा की निरंतर प्रेरणा देता है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

इस दौरान मंत्री दक ने काछोला प्रतिनिधिमंडल को जयपुर आने का आमंत्रण देते हुए क्षेत्र की विकास संबंधी मांगों और समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर मांडलगढ़ प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा, चित्तौड़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सी.पी. नामधरानी, सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई, भेरूलाल मंत्री, ठाकुर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी, भगवान मंत्री, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सूरत राम गगरानी, अमर सिंह सोलंकी, राकेश मंत्री, कैलाश गगरानी, शांतिलाल काबरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजजन उपस्थित रहे।

# बालाजी मंदिर से चांदी का छत्र चोरी

## अज्ञात चोरों ने ताले तोड़ दिया वारदात को अंजाम, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के बालाजी मंदिर को निशाना बनाते हुए चोरों ने बीती शुक्रवार रात चांदी का छत्र चोरी कर लिया। सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो टूटे ताले और बिखरे सामान देखकर दंग रह गए। घटना की खबर फैलते ही आसपास के इलाके से भक्त एकत्रित हो गए ।

मामला चित्तौड़गढ़ मार्ग स्थित ओवरब्रिज के सामने चंद्रशेखर आजाद नगर का है। जहाँ देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बालाजी के सिर से करीब 500 ग्राम वजन का चांदी का छत्र चुरा लिया । सुबह श्रद्धालुओं ने ताले टूटे देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ।



## QUICK BITES

# काछोला-राजगढ़ मार्ग बना हादसों का रास्ता, ग्रामीणों ने जताया रोष

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



**विक्रम सिंह ।** कस्बे से राजगढ़ मार्ग की हालत बदतर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, किनारों पर खाईयां और दोनों ओर उगे बबूल के पेड़ हादसे को दावत दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के बाद से सड़क पर आवागमन मुश्किल हो गया है और रोज़ हादसों का खतरा बना रहता है।

ग्रामीण भगवान मंत्री ने बताया कि यह मार्ग क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए प्रमुख सड़क है, लेकिन सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण इसकी हालत दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कई बार शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क की मरम्मत और चौड़ाईकरण शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने विभाग से खाईयों को भरने और मार्ग को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# गौशाला में वैक्सीनेशन व गोसेवा कार्यक्रम सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी।** मंडोल बांध के पास स्थित गौ रक्षक शहीद श्री मुरलीधर बोहरा गौशाला में शनिवार को गौवंश के लिए एफएमडी वैक्सीनेशन एवं टैगिंग कार्य किया गया। गौशाला संचालक रामफूल धाकड़ ने बताया कि राजकीय पशु चिकित्सा उपकेंद्र लक्ष्मीखेड़ा की टीम द्वारा वेक्सिनेशन किया गया, जिसमें एलएसआई सोना कुमारी मीणा, रमेश मीणा एवं विशाल मीणा शामिल रहे ।

कार्यक्रम के दौरान गौसेवकों ने खाटू श्याम के प्राकट्य दिवस और देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर गौमाता को हरा चारा एवं गुड़ का भोग अर्पित किया।

इस अवसर पर करण नायक, शिवम गौड़, विराट नायक, गोविंद प्रजापत, रूद्र नायक सहित कई गौभक्त मौजूद रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# एक शाम बालाजी के नाम, शाहपुरा में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** शहर शुक्रवार रात भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो उठा , जब धरती देवरा वाटिका में एक शाम बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। युवा समाजसेवी चेतन वैष्णव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक संत प्रकाशदास महाराज ने अपनी मधुर भक्ति धुनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया।

महाराज ने भगवान श्रीराम, महादेव और बालाजी की स्तुतियों से कार्यक्रम की शुरुआत की और बोलो रे सतनाम, हर हर शिव शंकर नाम, गोपाल तेरी गऊ मेरी जान जैसे भजनों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। उन्होंने गौ सेवा का संदेश देते हुए कहा, गौ माता सनातन की आत्मा हैं, उनकी सेवा ही सच्चा धर्म है।

भजन गायक धर्मराज मेजा ने भी भक्तों की सुन ले रे बालाजी राजा और श्याम तेरी भक्ति ने मोहे रंग डाला जैसे भजनों से माहौल को भक्ति में रंग दिया। पूरे स्थल पर जय श्रीराम, हर हर महादेव और जय बालाजी महाराज के जयकारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएँ और युवा शामिल हुए। संयोजक चेतन वैष्णव ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक एकता का संदेश देते हैं। समापन बालाजी आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# राज्य में स्लीपर कोच बसों की हड़ताल जारी, भीलवाड़ा-शाहपुरा में निजी बसों का संचालन सामान्य

## 4 नवंबर को जिले के बस मालिकों की बैठक में होगा निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** राजस्थान में स्लीपर कोच बसों की हड़ताल का असर जहां कई जिलों में साफ दिख रहा है, वहीं भीलवाड़ा और शाहपुरा क्षेत्र में निजी बसों का संचालन सामान्य रूप से जारी है, जिससे यात्रियों को राहत मिली है।

जिला निजी बस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मोगरा एवं प्रवक्ता चांदमल मूंदड़ा ने बताया कि राज्यभर में करीब 8500 स्लीपर कोच बसें हड़ताल पर हैं, लेकिन जिले में चलने वाली सामान्य निजी बसें अपने निर्धारित मार्गों पर नियमित रूप से संचालित हो रही हैं।

मोगरा ने बताया कि जिले के बस मालिकों ने फिलहाल किसी हड़ताल में शामिल न होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर स्लीपर कोच बस मालिकों का आंदोलन सरकार द्वारा लागू नए परिवहन नियमों और फिटनेस मानकों को लेकर चल रहा है। छोटे बस संचालकों का कहना है कि इन नियमों से आर्थिक नुकसान होगा और उन्हें लागू करना कठिन है।

4 नवंबर को शाहपुरा में बस मालिकों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी कि जिला स्तर पर किसी आंदोलन में भाग लेना है या नहीं। जिला प्रवक्ता चांदमल मूंदड़ा ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि सरकार और परिवहन विभाग के साथ संवाद के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है। हमारा प्रयास रहेगा कि आमजन को किसी भी तरह की असुविधा न हो।



इस बीच, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा जैसे बड़े शहरों में स्लीपर कोच बसें पूरी तरह बंद हैं, जिससे यात्रियों को निजी वाहनों और ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। शाहपुरा और आसपास क्षेत्र के यात्रियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि फिलहाल बस सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। हालांकि, जिले के बस मालिकों की आगामी बैठक के बाद स्थिति में परिवर्तन की संभावना बनी हुई है।

जिला बस एसोसिएशन पदाधिकारियों ने आशा जताई कि सरकार और संगठन के बीच शीघ्र ही वार्ता होगी और दोनों पक्षों के हित में समाधान निकल आएगा।

# लसाड़िया ने जीता छात्रा वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के लसाड़िया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 69वीं ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कबड्डी छात्रा वर्ग में मेजबान लसाड़िया विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्र वर्ग में विवेकानंद पब्लिक स्कूल बन का खेड़ा विजेता रहा। खो-खो छात्र वर्ग में गुडविल पब्लिक स्कूल बन का खेड़ा ने और छात्रा वर्ग में फतेहगढ़ विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया।

साहित्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी लसाड़िया विद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा। क्रिश बैरवा ने वाद-विवाद, प्रिंस वैष्णव ने निबंध और समूह नृत्य में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विचित्र वेशभूषा में सातोला की गुड्डी योगी प्रथम रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजसिंह चारण और अध्यक्ष नारायणलाल गुर्जर सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार व निर्णायकों को सम्मानित किया। संस्था प्रधान ममता गोठवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



# जाट समाज के 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## हरणी महादेव में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में नशामुक्ति व शिक्षा का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सामाजिक एकता और सादगीपूर्ण विवाह की मिसाल पेश करते हुए सकल जाट समाज द्वारा राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में हरणी महादेव परिसर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर 30 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, जिनके विवाह संस्कार वैदिक रीति-रिवाजों से सम्पन्न हुए।

कार्यक्रम में समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सादगीपूर्ण विवाह की इस परंपरा को सराहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील ने कहा कि सामूहिक विवाह न केवल समाज में एकता का प्रतीक है बल्कि फिजूलखर्ची रोकने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने शिक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कहा कि समाज तभी प्रगति करेगा जब हर घर से एक शिक्षित पीढ़ी तैयार होगी। इस अवसर पर नवग्रह आश्रम संस्थापक हंसराज चौधरी ने सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर समाज सेवा और शिक्षा के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए।




सामूहिक विवाह में जाट समाज ने यह संकल्प लिया कि अब हर वर्ष ऐसे विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे और शादी-ब्याह की होड़ में फिजूलखर्ची से बचकर समाज शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस दौरान महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सारिका सिंह चौधरी, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अदिति चौधरी, एसडीएम ओमप्रकाश माचरा, नगर निगम कमिश्नर हेमाराम चौधरी, सहित बदरीलाल जाट, महावीर चौधरी, सीताराम चौधरी, हनुमान धायल, देवीलाल चौधरी, राजवीर कुशवाह, हीरालाल भदाला, रामेश्वर जाट, प्रेमाराम सियाग, गजराज चौधरी और जेवीपी मीडिया ग्रुप चेयरमैन हरिराम किंवाड़ा उपस्थित रहे। संचालन नारायण भदाला ने किया। ।

# भाविप शिवाजी शाखा ने किया तुलसी गमलों का निःशुल्क वितरण

## देव उठनी ग्यारस पर ओषधीय गुणों से युक्त पत्रक भी किया वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत विकास परिषद वीर शिवाजी शाखा द्वारा देव उठनी ग्यारस के उपलक्ष्य में सूचना केंद्र चौराहे पर तुलसी गमला वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा सचिव कमलेश बोड़ाना ने बताया कि संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में करीब डेढ़ सौ तुलसी गमलों का निःशुल्क वितरण किया गया, साथ ही ओषधीय गुणों से संबंधित पत्रक भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में शाखा पदाधिकारियों कुसुमलता राठी, सरिता जैन, शशि बोड़ाना, ऋतु शर्मा, वर्षा मित्तल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, शहर समन्वयक श्याम कुमावत, परीक्षित नामधार व सुमित जागेटिया उपस्थित रहे।



# अवैध लदान पर भीलवाड़ा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की चेतावनी ,नियम तोड़ने वालों को भुगतना होगा अंजाम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की विशेष बैठक में बस दुर्घटनाओं और अवैध माल परिवहन की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष विश्वबन्धु सिंह राठौड़ ने की। इस दौरान अवैध लदान पर रोक लगाने और सख्त कार्रवाई के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

राठौड़ ने बताया कि बसों में हो रहे अवैध माल परिवहन और उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए 70 सदस्यों की एक विशेष कमेटी गठित की गई है, जिसे सात टीमों में विभाजित किया गया है। इन टीमों को ट्रांसपोर्ट नगर और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया




कि ट्रैवल्स और वीडियो कोच के माध्यम से माल परिवहन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाएगा।

सचिव सुनील सोडाणी ने जानकारी दी कि एसोसिएशन की टोलियों ने कई ट्रांसपोर्टरों और ट्रैवल संचालकों को चेतावनी दी है, जो अवैध रूप से माल बुकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो ट्रैवल एजेंसियों के यहां भरी हुई गाड़ियां पकड़ी गई। मौके पर डीटीओ को बुलाकर चालान करवाया गया और गाड़ियों को सीज़ किया गया। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई ट्रैवल्स या एजेंसी इस तरह की गतिविधि में लिप्त पाई गई, तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कोषाध्यक्ष केशव भुरानी ने बताया कि एसोसिएशन ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपना माल केवल अधिकृत ट्रांसपोर्ट एजेंसी के माध्यम से ही भेजें। यदि वे ट्रैवल्स या वीडियो कोच में माल भेजते हैं, तो उसके नुकसान या हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

राठौड़ ने कहा कि एसोसिएशन कई वर्षों से इस अवैध लदान के खिलाफ संघर्ष कर रही है, और अब सरकार, प्रशासन और आम जनता का सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने चेताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को भविष्य में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बैठक में ज्ञानचंद तातेड़, दिलीप जैन, रतन मीणा, किशोर नानेचा, दीपक सोगानी, अरिहंत जैन, राहुल कटारिया, पिंटू सिंह, गोपाल शर्मा, सत्यवीर यादव सहित कई लोग मौजूद रहे ।


# हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा के जयघोष से गूंज उठा काशीपुरी धाम

## श्याम जन्मोत्सव, भजन संध्या में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी धाम में शनिवार को बाबा श्याम का भव्य जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा धाम हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया, वहीं बाबा का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत और छप्पन भोग भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

दोपहर में विशेष भोग लगाकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें भक्तों ने भावपूर्ण श्रद्धा से भाग लिया। शाम को आयोजित संक्षिप्त भजन संध्या में भजन गायकों की





मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु झूम उठे और वातावरण भक्ति रस से सरोबार हो गया।

इससे पूर्व शुक्रवार रात बाबा के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य भजन संध्या में जन्मोत्सव मेरे श्याम की धुन पर श्याम प्रेमी देर रात तक नाचते और झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायिका कोमल शर्मा जयपुर ने आज जन्मदिन श्याम का आया रे और लेके पलक पिया श्याम तेरे चरणों में रख दूं जैसे भावपूर्ण भजनों से की। इसके बाद श्रेष्ठ दीक्षित कानपुर ने श्याम तेरा दीवाना हूँ मैं और मेरा बाबा श्याम सबसे न्यारा जैसे जोश भरे भजनों से समा बांध दिया।कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष सुरेश पोद्दार के निर्देशन में हुआ। आयोजन में मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल , अभिषेक, विवेक, सुशील, टोनी, बिजेंद्र, सुरेंद्र, विपिन, पुनीत, कन्हैया, चिराग, दीपक, अक्षत, मोहित सहित श्री श्याम सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# बनास नदी में प्रदूषण की जांच, टीम ने मंगरोप एनीकट पर लिया पानी का नमूना

## प्रदूषण नियंत्रण मंडल की टीम मौके पर पहुंची, पानी में औद्योगिक अपशिष्ट के संकेत नहीं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

बनास नदी में प्रदूषण की शिकायत सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने शनिवार को मंगरोप एनीकट स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया।

निरीक्षण दल में क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल, अधीक्षण वैज्ञानिक अधिकारी महेश कुमार सिंह और सहायक पर्यावरण अभियंता जितेन्द्र सिंह मीणा शामिल रहे।

क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल ने बताया कि मौके पर मंगरोप एनीकट में पानी का बहाव सामान्य से अधिक तेज पाया गया। आमतौर पर दूषित जल में टीडीएस का स्तर 40,000 से 1,00,000 पीपीएम तक होता है, जबकि साफ पानी में घुलने के बाद भी यह मान 3,000 पीपीएम से नीचे नहीं रहता। इसके साथ ही दूषित जल के कारण पानी का रंग गहरा भूरा या काला हो जाता है।

निरीक्षण के दौरान एनीकट पर बहते पानी का रंग मटमैला पाया गया। टीम ने विभिन्न स्थानों से पानी के टीडीएस मान की जांच की, जो 350



से 400 पीपीएम के बीच पाया गया। इस आधार पर प्रारंभिक रूप से यह निष्कर्ष निकला कि पानी में औद्योगिक अपशिष्ट की उपस्थिति नहीं है।

फिर भी, विस्तृत जांच सुनिश्चित करने के लिए टीम ने पानी के नमूने एकत्रित कर उन्हें क्षेत्रीय प्रयोगशाला, प्रदूषण नियंत्रण मंडल में परीक्षण हेतु भेज दिया है।

# गुड्डा एवं रावतखेड़ा में आयोजित हुआ ग्रामीण सेवा शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(गजानंद जोशी)। क्षेत्र की गुड्डा एवं रावतखेड़ा ग्राम पंचायत में शनिवार को ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इन शिविरों का शुभारंभ विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर स्थल पर ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया तथा आवश्यक योजनाओं से संबंधित कार्य प्राथमिकता से निपटाए।

इसी प्रकार रावतखेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि शर्मा का स्वागत किया। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचे। उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आए प्रत्येक व्यक्ति के कार्य को गंभीरता से किया जाए।




## QUICK BITES

# सेवा की नई मिसालः विधायक मीणा ने मंदिर में शुरू करवाई अन्नपूर्णा रसोई

## अब बेसहारा एवं जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क भोजन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



(गजानंद जोशी)। विधानसभा क्षेत्र के कुचलवाड़ा गांव में स्थित मां बिजासन माता मंदिर परिसर में अब कोई भूखा नहीं रहेगा। ग्रामीणों की मांग पर विधायक गोपीचंद मीणा ने अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत रसोई की स्वीकृति दिलवाई, जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र के बेसहारा, गरीब व मजदूर वर्ग को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर में कई जरूरतमंद लोग रहते हैं, जिनके भोजन की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाती थी। इस समस्या को देखते हुए विधायक मीणा ने पहल करते हुए अन्नपूर्णा रसोई स्वीकृत करवाई। अब मंदिर में आने वाले भक्तों के साथ-साथ कुचलवाड़ा व आसपास के लोगों को भी नियमित रूप से भोजन मिल सकेगा। इस पहल को लेकर मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों ने विधायक गोपीचंद मीणा के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

# बाबा रामदेव की दशमी का उद्यापन संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। सोपुरा स्थित झुपड़ा में शनिवार को बाबा रामदेव की दशमी बंधन वार्षिक तिथि का उद्यापन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम सदस्य कैलाश चंद्र रैगर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 12 महिला सदस्यों ने बाबा रामदेव जी के दशमी व्रत का उपवास रखा, जिसका विधिवत उद्यापन किया गया। सुबह 7:15 बजे खेरड़ देवनारायण मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें 51 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा गाजे-बाजे के साथ विभिन्न मार्गों से होते हुए रैगरों का झुपड़ा, सोपुरा स्थित रामदेव मंदिर परिसर पहुंची।

मंदिर परिसर में दोपहर में यज्ञ हवन का आयोजन हुआ। यज्ञाचार्य लादूराम आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 जोड़ों से आहुतियां दिलवाईं। हवन के बाद महा आरती संपन्न हुई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया।

# दादा गोविंदराम भगत की द्वितीय वर्षी उत्सव श्रद्धा और भक्ति से सम्पन्न

## भजनों से गूंजा झूलेलाल मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने भावनाओं से किया नमन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल कॉलोनी में शनिवार को दादा हेमराज मल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में दादा गोविंदराम भगत की द्वितीय वर्षी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे और झूलेलाल सनातन मंदिर परिसर भजनों और जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत दादा गोविंदराम भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती से हुई। इसके बाद भजन गायकों बाबूलाल शर्मा, पप्पू भगत, महंत टेऊंराम भगत, रमन शर्मा, हेमंत भगत और नवीन भगत ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं, जिनसे वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।

दादा गोविंदराम के पौत्र हेमंत भगत द्वारा प्रस्तुत भजन जिये दादो, जिये गोविंदराम जिये ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। इस दौरान दादा के पुत्र मंघा राम भगत का जन्मोत्सव भी उल्लासपूर्वक मनाया गया।

समिति के गुलशन कुमार विधानी, हरीश कुमार सखरानी, नथ्थूमल फुलवानी, अशोक कुमार केवलानी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने दादा गोविंदराम भगत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज सेवा और भक्ति की उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।